## आइए अभ्यास करें

### पुस्तक से

12/9/2020

1. प्रत्यय किसे कहते हैं?

जो शब्द के अंत में जुड़कर उनके अर्थ में विशेषता या परिवर्तन ला देते हैं, प्रत्यय कहलाते हैं।

2. प्रत्यय के कितने प्रकार हैं?

प्रत्यय के मुख्यतः दो भेद होते हैं।
1. कृत प्रत्यय 2. तद्धित प्रत्यय

3. तद्धित प्रत्यय से क्या अभिप्राय है?

जो प्रत्यय संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण के अंत में जुड़कर शब्द के अर्थ में परिवर्तन ला देते हैं। ऐसे प्रत्यय तद्धित प्रत्यय कहलाते हैं।

4. कृत प्रत्यय किसे कहते हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट करें?

जो प्रत्यय क्रिया के धातु रूप से जुड़कर संज्ञा या विशेषण शब्दों का निर्माण करते हैं। ऐसे प्रत्यय कृत प्रत्यय कहलाते हैं।

5. प्रत्यय और मूल शब्द अलग कीजिए—

| शब्द | प्रत्यय | मूल शब्द |
|---|---|---|
| चढ़ाव | आव | चढ़ |
| लुटेरा | एरा | लू |
| लड़ाका | आका | लड़ |
| भुलक्कड़ | अक्कड़ | भूल |
| कृपालु | पालु | कृ |

6. नीचे लिखे प्रत्ययों का प्रयोग संज्ञा सर्वनाम शब्दों के साथ करके दो-दो शब्द लिखिए?

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ई | खुश दुख | = | खुशी | दुखी |
| आलु | कृपा दया | = | कृपालु | दयालु |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| आना | साल, मर्द | = | सालाना | मर्दाना |
| एरा | चाचा, मामा | = | चचेरा | ममेरा |
| आवट | दिख, बुला | = | दिखावट | बुलावट |
| तम | लघु | = | लघुतम | |
| आन | मिल, लग | = | मिलान | लगान |
| हार | पाल, होन | = | पालनहार | होनहार |

7. नीचे दिए प्रत्यय से एक शब्द बनाकर उनको वाक्यों में प्रयोग करें—

| | | |
|---|---|---|
| आई | पढ़, सुन | पढ़ाई, सुनाई |
| ऊ | झाड़, आड़ | झाड़ू, आड़ू |
| ईय | देश, राष्ट्र | देशीय, राष्ट्रीय |
| ऊ | चाल | चालू |

8. प्रत्यय और उपसर्ग अलग कीजिए—

| | उपसर्ग | प्रत्यय |
|---|---|---|
| कमजोरी | कम | जोरी |
| बेरहमी | बे | रहमी |
| बदसूरती | बद | सूरती |
| निर्दयता | निर् | दयता |

9. 'मूल शब्द' और प्रत्यय को मिलाकर नया 'शब्द रूप' बनाइए—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | अड़ | + | इयल | = | अड़ियल |
| (ख) | रमण | + | ईय | = | रमणीय |
| (ग) | थाल | + | ई | = | थाली |
| (घ) | बिछा | + | औना | = | बिछौना |
| (ङ) | मन | + | औती | = | मनौती |
| (च) | बिक | + | आऊ | = | बिकाऊ |